


विश्व में प्रसिद्ध हनुमान चालीसा... पृष्ठ 2 | ईडी ने की दुर्ग क्षेत्र के बालोद... पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स





सोमवार, 22 सितंबर 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 330, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

## सस्ती होंगी रोजमर्रा की चीजें, 'स्वदेशी' को मिलेगी रफ्तार : मोदी

### मोदी ने स्वदेशी वस्तुओं का समर्थन किया, कहा कि जीएसटी सुधार भारत की वृद्धि गाथा को गति देंगे



**नई दिल्ली।** जीएसटी दरों में कटौती लागू होने से एक दिन पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को स्वदेशी वस्तुओं को बढ़ावा देने की पुरजोर वकालत की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार भारत की वृद्धि गाथा को गति देंगे, कारोबारी सुगमता को बढ़ाएंगे और अधिक निवेशकों को आकर्षित करेंगे।

मोदी ने राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में कहा कि नवरात्रि के पहले दिन से 'जीएसटी बचत उत्सव' शुरू होगा और आयकर छूट के साथ यह ज्यादातर लोगों के लिए ''दोहरा लाभ'' होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि विकास की दौड़ में सभी राज्य समान हितधारक होंगे। उन्होंने राज्यों से 'आत्मनिर्भर भारत' और स्वदेशी अभियानों को ध्यान में रखते हुए विनिर्माण को गति देने का आग्रह किया। मोदी ने कहा, ''नवरात्रि के पहले दिन, देश आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण और बड़ा कदम उठाने जा रहा है। कल सूर्योदय के साथ, अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार लागू हो जाएंगे। कल से 'जीएसटी बचत उत्सव' शुरू होगा।'' उन्होंने आगे कहा, ''आप अपनी पसंद की वस्तुएं ज्यादा आसानी से खरीद पाएंगे... इससे गरीब, मध्यम वर्ग, नव मध्यम वर्ग, युवा, किसान, महिलाएं, व्यापारी और दुकानदार लाभान्वित होंगे।'' मोदी ने कहा कि त्योहारों के इस मौसम में सभी की खुशियां बढ़ेंगी। उन्होंने अगली पीढ़ी के माल एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों के लिए सभी को बधाई दी। मोदी ने कहा, ''ये सुधार भारत की वृद्धि गाथा को गति देंगे, कारोबारी सुगमता को बढ़ाएंगे और अधिक निवेशकों को आकर्षित करेंगे।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि जब भारत ने 2017 में जीएसटी सुधारों की ओर कदम बढ़ाया, तो इतिहास रचने की एक नई शुरुआत हुई। उन्होंने कहा कि जीएसटी ने 'एक राष्ट्र-एक कर' के सपने को साकार किया। मोदी ने इस बात का उल्लेख भी किया कि कैसे करों और टोल के जाल ने व्यवसायों और उपभोक्ताओं के लिए कठिनाइयां पैदा की हैं। उन्होंने 12 लाख रुपये तक की आय पर आयकर छूट और जीएसटी सुधारों का हवाला देते हुए कहा कि यह गरीबों, नव-मध्यम वर्ग और मध्यम वर्ग के लिए दोहरा लाभ है। उन्होंने यह भी कहा कि जीएसटी सुधारों से छोटे और मझोले उद्यमों (एमएसएमई) को बड़ा लाभ होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने देश के लोगों से स्वदेशी सामान बेचने और खरीदने में गर्व महसूस करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि स्वदेशी आंदोलन की तरह, भारत की समृद्धि भी स्वदेशी के मंत्र से मजबूत होगी। जीएसटी सुधारों के लागू होने से रसोई के सामान से लेकर इलेक्ट्रॉनिक्स तक, दवाओं और उपकरणों से लेकर ऑटोमोबाइल तक, लगभग 375 वस्तुओं पर दरें सोमवार से घट जाएंगी। उपभोक्ताओं को एक बड़ा तोहफा देते हुए, केंद्र और राज्यों की जीएसटी परिषद ने 22 सितंबर, यानी नवरात्रि के पहले दिन से जीएसटी की दरें कम करने का फैसला किया था।

## आज श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव

### वैवाहिक स्वर्ण जयंती सम्मान,वरिष्ठ सदस्य सम्मान मेधावी विद्यार्थी सम्मान तथा शोभायात्रा





**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** अग्रकुल संस्थापक भगवान श्री अग्रसेन जी की 5149 वीं जयंती, अश्विन शुक्ल एकम, 22 सितम्बर सोमवार को परंपरागत श्रद्धा भक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ मनायी जायेगी। मुख्य समारोह स्थानीय अग्रसेन भवन में होगा।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री महेश रामरतन भारूका, समाजसेवी, कामठी महाराष्ट्र होंगे। समारोह की अध्यक्षता श्रीमती उर्मिला गौरीशंकर अग्रवाल समाजसेविका नागपुर महाराष्ट्र करेंगी। जयंती समारोह में समाज के वरिष्ठ सदस्यों का सम्मान, विवाह की स्वर्ण जयंती मनाने वाली दंपत्तियों का सम्मान तथा मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया जायेगा । भगवान अग्रसेन जी की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष शरद अग्रवाल ने बताया कि जयंती महोत्सव का शुभारंभ विगत 15 सितम्बर, सोमवार को हुआ था। यह पावन पर्व अग्रवाल समाज का सबसे बड़ा सामाजिक त्यौहार है। इसका उद्देश्य भगवान श्री अग्रसेन जी के सिद्धांतों और आदर्शों के अनुरूप समाज को एकजुट करते हुए परस्पर सहयोग और सेवाभाव विकसित करना है। महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती मंजू खोखरिया नवयुवक मंडल के अध्यक्ष हर्ष लोहिया ने बताया कि जयंती महोत्सव के अंतर्गत पूरे सप्ताह भर समाज की महिलाओं युवक युवतियों तथा बच्चों के लिए विविध मनोरंजक, ज्ञानवर्धक सजावट, कुकिंग तथा खेलकूद की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। अग्रवाल सभा के सचिव आलोक बिंदल, कोषाध्यक्ष अशोक अग्रवाल के मुताबिक इसबार शोभायात्रा के लिए विशेष तैयारी की गई है। आकर्षक साज सज्जा और लाईटिंग के साथ रथ तैयार किया गया है। भजन मंडली, नृत्य मंडली तथा आतिशबाजी के साथ शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर वापस अग्रसेन भवन पहुंचेगी। शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया जायेगा। उन्होंने सभी अग्र परिवारों से जयंती समारोह में उपस्थिति की अपील की है । यह जानकारी एक विज्ञप्ति में मीडिया प्रभारी संजय अग्रवाल ने दी।

## नए जीएसटी से उपभोक्ताओं को मिलेगा सीधा लाभ : अमर पारवानी



**रातजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** मैं छत्तीसगढ़ के व्यापार एवं उद्योग जगत की ओर से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी का हृदय से धन्यवाद करता हूँ। नए जीएसटी से उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा, जिससे उनकी बायिंग पावर बढ़ेगी। इसके परिणामस्वरूप रिटेल सेक्टर में मांग में तेजी, इंडस्ट्री के उत्पादन में वृद्धि और नए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। यह सुधार देश की जीडीपी को 0.5 से 0.75 प्रतिशत तक अतिरिक्त ग्रोथ देने में सहायक सिद्ध होगा। पहले इनकम टैक्स में छूट, फिर आरबीआई द्वारा 1 प्रतिशत की राहत से बाजार में 2.5 लाख करोड़ की तरलता, और अब जीएसटी सुधारों के माध्यम से राहत—ये सब मिलकर व्यापार और उद्योग जगत के लिए स्वर्णिम अवसर लेकर आए हैं। इन सुधारों से आत्मनिर्भर भारत के विज़न को मजबूती मिलेगी। साथ ही स्वदेशी अभियान तेज़ी से आगे बढ़ेगा और देशभर में नए स्टार्टअप्स को प्रोत्साहन मिलेगा। इससे भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था में और अधिक सशक्त होकर उभरेगा।

## शहर में बढ़ते अपराध पर लगाम लगाने आईजी को सौंपा ज्ञापन



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शहर में लगातार बढ़ रहे अपराध चोरी, मर्डर, चाकूबाजी और अवैध नशे के कारोबार पर रोक लगाने की मांग को लेकर विभिन्न जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में रात के समय पुलिस पेट्रोलिंग गाड़ियों और 112 की गश्त बढ़ाने के साथ-साथ नशीले पदार्थों की अवैध बिक्री पर कठोर कार्रवाई की मांग की गई। कांग्रेस के युवा नेता संदीप सोनी ने प्रेस नोट जारी कर बताया कि संस्कारधानी कहलाने वाला राजनांदगांव अब अपराधधानी बनता जा रहा है। हाल ही में हुए नवागांव तिहरे हत्याकांड और मोहड़ गोलीकांड ने शहर की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। चोरी और चाकूबाजी की घटनाएं आम हो चुकी हैं और अब चोरी की वारदातें मानव मंदिर चौक, डायमंड सिटी से लेकर कलेक्ट्रेट परिसर तक पहुंच गई हैं। उन्होंने कहा कि इन अपराधों के पीछे मुख्य कारण नशा है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी हाल ही में अपने राजनांदगांव दौरे पर इस विषय को उठाया था। शहर के कई इलाकों में खुलेआम नशा बिक रहा है और कार्रवाई सिर्फ खानापूर्ति बनकर रह गई है। आरक्षक आत्महत्या कांड और डोंगरगढ़ नकली शराब कांड जैसे मामलों के बावजूद मुख्य सरगना अब तक पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। श्री सोनी ने नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन की सक्रियता की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से कई नशे के अड्डे फिलहाल बंद हुए हैं लेकिन आशंका है कि कुछ समय बाद पुनः ये अवैध धंधे शुरू हो सकते हैं। खासकर बसंतपुर थाना क्षेत्र को सबसे संवेदनशील बताते हुए उन्होंने कहा कि यहां नशे की बिक्री और गंभीर अपराधों की शिकायतें लगातार आ रही हैं जबकि मोहड़ गोलीकांड का मुख्य आरोपी अब तक फरार है ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि अपराध रोकथाम में लापरवाह अधिकारियों को हटाया जाए और जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा ठोस कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। ताकि शहर की कानून-व्यवस्था पर आम जनता का भरोसा कायम रह सके। ज्ञापन सौंपने वालों में महिला ब्लॉक अध्यक्ष प्रतिमा बंजारे, मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु मिश्रा, युवा नेता संदीप सोनी, खिलेश बंजारे, अरमान साहू, ऋषभ सोनी, देवकुमार निर्मलकर, अशोक मानकर, रेखा कुर्रे और प्रिंस वरके सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### अवैध नशा बिक्री पर सख्ती की मांग

## पंजवानी 25 वीं बार बने दुर्गोत्सव समिति के अध्यक्ष



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** श्रीकृष्ण नव दुर्गा उत्सव समिति चौखडिया़ पारा वार्ड नं. 41 में सिंधी धर्मशाला के पीछे शारदीय नवरात्र पर मां दुर्गोत्सव हेतु आयोजन समिति का पुनर्गठन किया गया, जिसमें वार्ड के पूर्व पार्षद एवं कांग्रेस नेता अशोक पंजावनी को 25वीं बार समिति का अध्यक्ष चुना गया। श्री पंजवानी हर वर्ष पूरी ईमानदारी से लोगों की भावनाओं का सम्मान करते हुए जिम्मेदारी का निर्वहन करते आ रहे हैं। इसी कड़ी में उन्हें सर्वसम्मति से 25वीं बार अध्यक्ष चुना गया। पंजवानी ने कहा कि जब तक माँ दुर्गा मुझे शक्ति देंगी, तब तक मै सेवा करता रहूंगा। मैं माता दुर्गा से यह प्रार्थना करूंगा कि संस्कारधानी और छत्तीसगढ़वासियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। समिति के पदाधिकारियों के नाम इस प्रकार हैं- अध्यक्ष अशोक पंजवानी, उपाध्यक्ष- रवि सोनी, कोषाध्यक्ष-नरेश कुमार यादव, सचिव- पूरन लाल साहू, सहसचिव- कीर्तन यादव एवं सदस्यगण व समस्त चौखडिया़ पारावासी।

## मृत्यु के बाद भी मानवता की सेवा सावित्री सललार ने किया देहदान



**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** ग्राम फगुनदाह से एक प्रेरणादायक उदाहरण सामने आया है। यहाँ की निवासी सावित्री सल्लार (उम्र 75 वर्ष) ने मृत्यु के बाद भी समाज को नई दिशा दी है। परिवार की सहमति से उनका देहदान मेडिकल कॉलेज अस्पताल, पेंड्री (जिला राजनांदगांव) में किया गया है। जानकारी के मुताबिक सावित्री सल्लार ने संत रामपाल के तत्वज्ञान और प्रेरणा से पहले ही यह संकल्प लिया था कि मृत्यु के उपरांत उनका शरीर मानवता की सेवा और मेडिकल रिसर्च के काम आए। परिवार के सदस्यों ने उनकी इस इच्छा का सम्मान किया और विधिवत प्रक्रिया पूरी करते हुए यह महान कार्य संपन्न किया। देहदान एक ऐसा पुण्य कार्य है जो न केवल मेडिकल शिक्षा और शोध के क्षेत्र में अत्यंत उपयोगी साबित होता है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के डॉक्टरों और शोधकर्ताओं को व्यावहारिक ज्ञान भी प्रदान करता है। सावित्री सल्लार का यह निर्णय समाज में जागरूकता की नई मिसाल है और मानवता के लिए अनमोल योगदान भी है,

## नवरात्र महापर्व की तैयारियाँ तेज

### समितियों ने सजाए पंडाल, अनेक जगहों पर होगा गरबा

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शहर में नवरात्र महापर्व का उल्लास गहराने लगा है। जगह-जगह समितियाँ पंडालों की सजावट और देवी प्रतिमाओं की स्थापना, गरबा की तैयारियों में जुटी हुई हैं। परमहंस दुर्गा उत्सव समिति और गांधी चौक समिति सहित कई प्रमुख समितियाँ इस बार आकर्षक झांकियाँ और विशेष पूजा-अर्चना की योजनाएँ बना रही हैं।

**पंडालों में सजावट और प्रतिमाओं को अंतिम रूप**

शहरभर में कारीगर देवी प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में व्यस्त हैं। पंडालों की रंग-बिरंगी लाइटिंग, सजावट और झांकियों से मोहल्लों में मेले जैसा माहौल बनने लगा है।



**समितियों की तैयारियाँ**

परमहंस दुर्गा उत्सव समिति के सदस्यों ने बताया कि इस बार श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अलग से प्रवेश और निकास द्वार बनाए गए हैं। अन्य समिति ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों और गरबा-डांडिया, भंडारों का आयोजन करने की घोषणा की है।

**प्रशासन की व्यवस्था**

श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के लिए विशेष तैयारियाँ शुरू कर दी हैं। पुलिस और नगर निगम के अधिकारी समितियों के साथ समन्वय बैठकों में जुटे हैं।

नवरात्र पर्व श्रद्धा और भक्ति का प्रतीक है, सभी श्रद्धालु इस दौरान स्वच्छता, पर्यावरण- सुरक्षा और आपसी सद्भाव का संदेश भी फैलाए।

**आयोजकों की बात**

नवरात्र सिर्फ आस्था का पर्व नहीं, यह आपसी भाईचारे और सांस्कृतिक समृद्धि का प्रतीक है। हम चाहते हैं कि श्रद्धालु सुरक्षित और शांति से माता की आराधना कर सकें।

**- समिति प्रमुख अशोक अग्रवाल, रामाधीन मार्ग**

## बेटी बचाओ मंच ने बालिकाओं को सम्मानित कर मनाया बालिका दिवस



**रायपुर।** महादेव घाट परिक्षेत्र बेटी बचाओ मंच ने प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा तथा परिक्षेत्र अध्यक्ष रत्ना शर्मा की उपस्थिति में बालिका दिवस का धूमधाम से आयोजन किया. खारून नदी के तट पर स्थित निखिलेश्वर महादेव मंदिर के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाशाली बालिकाओं को दुर्गा शक्ति सम्मान से सम्मानित किया. सम्मानित बालिका अंशिका शर्मा, धर्मासी दुबे, अदिति यादव, तथा आराध्या शर्मा को अध्यक्ष ललित मिश्रा तथा परिक्षेत्र अध्यक्ष रत्ना शर्मा ने फूल माला से स्वागत कर पुरस्कार तथा प्रशस्ति पत्र भेंट किया. उक्त अवसर पर मुख्य रूप से शिखा शर्मा.शारदा मिश्रा. सुनंदा दुबे. गीता विश्वकर्मा. वैजयंती चतुर्वेदी. प्रमिला कोपुलवार. पूनम यादव. नीतू शर्मा. सरिता शर्मा. पुष्पा पांडे. कविता शर्मा. निशा दुबे. गोपाल शर्मा. हितेश शर्मा सहित पदाधिकारी व सदस्य गण शामिल थे.

## श्रीमती संजू देवी राजपूत महापौर कौशल साहू नगर साहू संघ के पुनः अध्यक्ष बने



**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** प्रदेश साहू संघ अध्यक्ष डॉ नीरेंद्र साहू के निर्विरोध अध्यक्ष बनने के बाद उनके गृह नगर में नगर साहू संघ का चुनाव रविवार को मां कर्मा भवन मटिया में शांति पूर्ण और निर्विरोध सम्पन्न हुआ, नगर साहू संघ का चुनाव में अध्यक्ष और अन्य सभी पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए हैं नगर साहू संघ डोंगरगांव के नवनिर्वाचित चुने गए पदाधिकारियों में अध्यक्ष कौशल साहू, उपाध्यक्ष नामदेव साहू, हंसू साहू, संगठन सचिव घनश्याम साहू, लोकेश्वरी साव को समाज के संचालन का दायित्व सौंपा गया है नगर साहू संघ डोंगरगांव के निर्वाचन अधिकारी के रूप में चुनाव अधिकारी लविंद्र साव धर्मेंद्र साव, पर्यवेक्षक मोहनीश साहू, सी एल हिरवानी थे नगर साहू संघ डोंगरगांव के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का मां कर्मा भवन मटिया में स्वागत , अभिनंदन, और सम्मान किया गया, नगर साहू संघ डोंगरगांव के नवनिर्वाचित अध्यक्ष कौशल साहू ने कहा समाज को एक नई दिशा देने के लिए तथा समाज को एकजुटता और एकता बनाए रखने के लिए आज के युवा पीढ़ी को आगे लाना आवश्यक है तथा समाज को संगठित करने के लिए समाज में रहकर हमेशा हर कार्य के लिए अग्रसर रहना चाहिए, इनके अलावा समाज को हमेशा विकास की ओर संगठित कर एकता बनाए रखना चाहिए, नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने अपना अपना विचार सभी ने व्यक्त किए गए, नगर साहू संघ चुनाव कार्यक्रम में अमरनाथ साहू, हेमंत साहू, गुमान साहू, गुलशन हिरवानी, सुरेन्द्र साहू, पार्षद डीकेश साहू, पुरुषोत्तम साहू, कोमल साहू, माधव साहू, यशवंत साहू, नारायण साहू, जागेश्वर साहू, धनराज साहू, डा नरेन्द्र साहू, ताम्रध्वज साहू, भारत साहू, लालदास साव, ऐलन साहू, चैतराम साहू, यादव राम साहू, कृष्णा साहू, गिरधर साहू, एन एल साहू, देवेन्द्र किशोर साहू, प्रदीप साहू, महेश्वर साहू, हरिशंकर साहू, कौशल साहू, प्रेम कुमार साहू, अर्जुन साहू , शोभराय साहू, हीरदे साहू, घनश्याम साहू, दौवा राम साहू, प्रेमदास साहू, एवं साहू समाज के सामाजिक बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## श्रीराम भद्र सेवा मंडल मंदिर सेक्टर दो में कथा वाचक श्री राजन महाराज जी का आगमन



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** श्रीराम भद्र सेवा मंडल मंदिर सेक्टर दो कथावाचक श्री राजन महाराज जी का आगमन हुआ इस अवसर पर मंदिर के पंडित श्री संदीप तिवारी जी के द्वारा श्री राजन महाराज पोहोचणे पर सभी श्री राम भक्त विशेष पंडित पोहोचणे पर श्लोक फूल माला चंदन टीका श्रीफल शॉल भेट कर श्री राजन महाराज जी का स्वागत एवं सन्मान किया गया श्री रामचंद्र की मूर्ती लक्ष्मणजी सिताजी मूर्ती पर श्री राजन महाराज जी के द्वारा माला पूजा अर्चना की गई मंदिर पोहोचणे पर सुंदर प्रभू श्री राम के भजन कीर्तन गीत श्री राजन महाराज जी के द्वारा सुनाये जय जय श्रीराम जय जय श्रीराम भक्ति मार्ग पर चलने का संदेश दिया सनातन धर्म की जय हो संदेश दिया इस कार्यक्रम के अवसर पर मंदिर के पंडित संदीप तिवारी रामभक्त समाजसेवी प्रशांत कुमार क्षीरसागर राम भक्त हनुमान भक्त एवं अधिक से अधिक संख्या मे गणमान्य नागरिक भक्तजन उपस्थित थे सभी राम भक्तो ने जय जय श्रीराम के नाम का जयघोष किया श्री राजन महाराज जी से आशीर्वाद लिया उन्होने कहा की भिलाई जब भी आऊंगा आप सभी से मिलने अवश्य मिलूंगा।

## नि:शुल्क नवोदय मेगा टेस्ट में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ जिला साहू संघ, राजनांदगांव के तत्वावधान में आयोजित नि:शुल्क नवोदय मेगा टेस्ट में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस परीक्षा में 350 से अधिक प्रतिभाशाली बच्चों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के बच्चों को प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी हेतु एक सशक्त मंच प्रदान करना रहा। परीक्षा के माध्यम से न केवल बच्चों की शैक्षणिक योग्यता का आंकलन किया गया, बल्कि उनमें आत्मविश्वास, अनुशासन एवं आगे बढ़ने की प्रेरणा भी जागृत की गई। जिला साहू संघ, राजनांदगांव का यह प्रयास शिक्षा के क्षेत्र में एक सराहनीय पहल है, जो बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

## केशव साहू अध्यक्ष बने



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम भोथीपार खुर्द के साहू समाज अध्यक्ष केशव साहू उपाध्यक्ष लखन लाल साहू खेमिन साहू सचिव रूपेन्द्र कुमार साहू कोषाध्यक्ष रितेश कुमार साहू सगंठन सचिव दीपक कुमार साहू गीतांजलि साहू को बनाया गया साहू समाज सहित पूर्व जनपद योगेन्द्र दास वैष्णव पूर्व जनपद सदस्य रोशनी वैष्णव सरपंच दिल्लू साहू ढोडिया सरपंच प्रतिनिधि कृष्णलाल पटेल धामनसरा पूर्व उपसरपंच कुंदन चंद्राकर मलपुरी ने समस्त पदाधिकारी बधाई दी।

## राजनांदगांव में लापरवाह निगम प्रशासन! तीन दिन से मृत पड़ी गाय कुत्ते नोचते रहे मांस



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर निगम प्रशासन की लापरवाही का एक बड़ा उदाहरण रविवार को सामने आया। आम आदमी पार्टी के राजनांदगांव विधानसभा प्रभारी राजेंद्र सोनी (भाई राजा) जब किसी मरीज को देखने मेडिकल कॉलेज जा रहे थे तभी रास्ते में बर्फानी धाम मंदिर से कुछ दूरी पर एक मृत गाय सड़क किनारे पड़ी हुई मिली। श्री सोनी ने बताया कि यह गाय पिछले तीन दिन से मृत अवस्था में वहीं पड़ी है और प्रशासन इसकी सुध लेने तक नहीं पहुंचा। इतना ही नहीं मृत गाय का शव वहां पड़े रहने से कुत्ते उसे नोच-नोचकर खा रहे हैं जिससे आसपास के लोगों में भी आक्रोश है। उन्होंने कहा कि शहर की सफाई और मृत जानवरों को हटाने का काम निगम की जिम्मेदारी है लेकिन निगम प्रशासन की लापरवाही के कारण शहर की छवि और लोगों के स्वास्थ्य पर खतरा मंडरा रहा है।स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार निगम कर्मचारियों को सूचित करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। वहीं आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भी मांग की है कि निगम तत्काल कार्रवाई करे और मृत पशुओं को समय पर हटाने की व्यवस्था सुनिश्चित करे।

## एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता के समापन अवसर में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री चुम्मन साहू



**छुरिया ( नांदगांव टाइम्स )।** आज छूरिया ब्लाक मुख्यालय के ग्राम पंचायत नागर कोहरा में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि चुम्मन साहू के हाथों संपन्न हुआ कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के सरपंच रेवती बाई कवर उपसरपंच पीतांबर कवर पूर्व सरपंच भारत साहू जी महाराजपुर सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष नूतन साहू जी ग्राम के प्रमुख केवल रामसाहू जी पंच रवि वैष्णो संतोष कंवर शंकर राम साहू झग्गर राम साहू निर्मल हीमवर जी पूर्णिमा साहू जीवन बीमा अभिकर्ता एवं कबड्डी प्रतियोगिता के पूरा पदाधिकारी गण एवं ग्रामीण जनों की उपस्थिति में एकदिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का समापन हुआ समापन अवसर की बेला पर मुख्य अतिथि चुम्मन साहू ने कहा की कबड्डी छत्तीसगढ़िया खेल है जो पुराना खेल जिसे लोग भूलते जा रहे थे उसे जीवंत रखने का काम ग्रामीण जनों को रखने के लिए एवं आयोजक समिति को बधाई एवं धन्यवाद दिए साथ ही साथ कबड्डी खेल के बारे में खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा की खेल को खिलाड़ी भावना से खेलना चाहिए खेल में हार और जीत तो लगा रहता है लेकिन जो खिलाड़ी संयमित और नियम कानून में रहकर खेलते हैं वह आगे बढ़ते हैं इस तरह सब खिलाड़ी भाइयों को संबोधित किया साथ ही साथ आयोजक समिति को एवं ग्रामीण जनों को आभार व्यक्त किया।

### सप्ताह के सितारे (22 सितंबर 2025)

## दैनिक शुभ राशि

| | | |
|---|---|---|
| सोम | 3- 4 - 6 - 7 | 34-43-76-67-39-93 |
| मंगल | 1- 2 - 7 - 0 | 17-71-20-02-72-27 |
| बुध | 3 - 5 - 8 - 9 | 35-53-89-98-58-85 |
| गुरू | 3- 6- 9 - 0 | 36-63-60-06-29-92 |
| शुक्र | 4 - 5 - 6 - 7 | 45-54-46-64-37-73 |
| शनि | 1 - 3 - 5- 9 | 19-91-13-31-76-67 |

अंकों का बादशाह -8 सप्ताह में अचूक 1 - 5 - 7 - 9

सप्ताह का वरदान -4 स्पेशल - 05- 25 -79 -97

सप्ताह में देखे

| | |
|---|---|
| (1) 14 - 16 - 19 - 10 | (6) 61 - 64 - 68- 69 |
| (2) 21 - 23 - 24 - 26 | (7) 73 - 74- 77 - 70 |
| (3) 33 - 34 - 36 - 38 | (8) 81 - 83 - 86 - 88 |
| (4) 41 - 43 - 46 - 49 | (9) 91 - 94 - 97 - 90 |
| (5) 52 - 56 - 57 - 50 | (10) 01 - 04 - 08 - 09 |

बीते पांच सप्ताह के रिकार्ड

| (कल्याण) | (नाइट बाजार) |
|---|---|
| 54-75-14-39-68-43 | 92-13-64-15-07 |
| 68-73-20-05-40-38 | 89-50-12-74-91 |
| 25-75-61-43-17-24 | 65-20-69-20-65 |
| 14-63-87-01-51-58 | 26-59-02-25-07 |
| 99-42-44-16-56-38 | 51-47-76-98-20 |

**चेतावनी- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक का कोई जवाबदारी नहीं होगी।**

संपादक

# नवरात्रि पर्व में कवर्धा रहेगा सात्विक, नगर पालिका अध्यक्ष व व्यापारियों की बीच हुई चर्चा

पदमराज सिंह ठाकुर



**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** कवर्धा-नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने क्वांर नवरात्रि को लेकर शहर के अलग-अलग स्थानों पर अंडा, बिरयानी जैसे दुकानो का व्यवसाय कर रहे व्यवसायियों के साथ एक बैठक आयोजित की। नवरात्रि के पावन अवसर पर कवर्धा नगर की सांस्कृतिक एवं धार्मिक भावनाओं की महत्ता को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका व व्यापारियों ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है कि नवरात्रि पर्व के अवसर पर मंदिर क्षेत्र के आसपास दुकानें बंद रखने एवं निर्धारित स्थल में दुकान संचालित करने निर्णय लिया गया। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने आज अंडा बिरयानी की दुकान लगाने वाले व्यवसासियों के साथ बैठक कर नवरात्रि पर्व में व्यवसाय संचालन को लेकर चर्चा की। कवर्धा के लोग नवरात्रि के नौ दिनों को पूर्ण पवित्रता और आस्था के साथ मनाते हैं इस हेतु आज उन्होनें बैठक में बताया कि नवरात्रि पर्व हमारे कवर्धा शहर की आत्मा है। धर्म नगरी तथा देवभूमि के रूप में प्रसिद्ध कवर्धा माँ विंध्यवासिनी, माँ महामाया, माँ दंतेश्वरी और माँ सिंहवाहिनी व अन्य देवी-देवताओं का साक्षात वास है। उन्होनें बैठक में कहा कि नगर के सभी नागरिक माँ दुर्गा के नौ रूपों के दर्शन सात्विक वातावरण में कर सकें और पूरे नगर का माहौल श्रद्धा और भक्ति से परिपूर्ण बना रहे। नगर पालिका द्वारा अस्थायी तौर पर अंडा, बिरयानी व अन्य मांसाहारी दुकान लगाये जाने हेतु स्थल उपलब्ध कराया जायेगा। जहां अपने दुकान पूरे नवरात्रि तक लगा सकते है। व्यापारियों ने नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी के इस निर्णय का स्वागत करते हुए इस पवित्र त्यौहार की गरिमा को ध्यान में रखते हेतु अंडा बिरयानी की दुकान नवरात्रि पर्व में मंदिर क्षेत्र के आसपास नही लगाने का आश्वासन दिया। सभी उपस्थित व्यवसायियों ने कहा कि नवरात्रि पर्व पर दुकान लगाये जाने हेतु नगर पालिका द्वारा अस्थायी तौर पर निर्धारित स्थल पर ही दुकान लगाया जायेगा। इस निर्णय से कवर्धा नगर की धार्मिक गरिमा सामाजिक सौहार्द और आस्था की रक्षा हो सकेगी। नवरात्रि के दौरान नगर का वातावरण भक्ति और श्रद्धा से पूर्ण रहेगा। भक्तजन निश्चिंत होकर मंदिर दर्शन एवं पूजा-अर्चना में सम्मिलित हो सकेंगे। बैठक में नगर पालिका उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, सभापति रिंकेश वैष्णव, पार्षद संजीव कुर्रे, हरीश साहू, अनिल साहू, व्यापारीगण में अजमल खान, अल्ताफ खान, जगदीश चौरसिया, मुकेश ठाकुर, ललित साहू, शिवा साहू, नारायण साहू, कार्तिक मण्डल, मुकेश यादव, गोकुल यादव, कैलाश यादव, मेघनाथ यादव, बृजलाल देवांगन, सोनू साहू, अमित सिन्हा, सफेल्लुदीन उपस्थित थे।

# आत्म निर्भर भारत स्वरोजगार प्रशिक्षण हेतु नि: शुल्क कोचिंग क्लास के बच्चे पहुंचे राजधानी रायपुर

## विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से मुलाकात किया



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** स्टार्ट अप इंडिया स्वदेशी उत्पाद को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ जिला साहू संघ राजनांदगांव द्वारा संचालित नि: शुल्क कोचिंग क्लास के 30 बच्चे कृषक प्रशिक्षण केंद्र लभान्डी, रायपुर में सम्मिलित हुए। पंजाब नेशनल बैंक द्वारा आयोजित दो दिवसीय घरेलू उत्पाद यथाटु हर्बल साबुन, फिनायल, वाशिंग पाउडर बनाने की विधि एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण प्राप्त करने अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ जिला संयोजक यशवंत साहू, संगठन सचिव माधव साहू, शिक्षक भीष्म चंद्राकर, सलाहकार चंद्रभूषण साहू के कुशल नेतृत्व में बच्चों ने प्रशिक्षण में भाग लिया। कृषक प्रशिक्षण केंद्र के निर्देशक तुषार सरोटे एवं मास्टर ट्रेनर जागृति साहू ने लाभदायक जानकारियां दीं। सभी प्रशिक्षणार्थी छ ग विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से सौजन्य मुलाकात कर उनसे आशीर्वाद लिया। उन्होंने बच्चो को और आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। बच्चों ने तीन वर्षों से संचालित नि: शुल्क कोचिंग क्लास के लिए 85 इंच डिजिटल बोर्ड की मांग की। डॉ. साहब ने सहर्ष अपनी सहमति प्रदान की। जिला साहू संघ राजनांदगांव के अध्यक्ष भागवत साहू,महामंत्री नीलमणि साहू, कोषाध्यक्ष नोबल साहू, उपाध्यक्ष शैलेन्द्र साहू,नगर अध्यक्ष कुलेश्वर साहू, अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ जिला सलाहकार परदेशी राम साहू, संभागीय संयोजक रूपेश साहू, अनिल साहू , मिलन साहू, राघवेंद्र साहू, तिजेंद्र साहू, भोज गंजीर, हृदय हिरवानी, पवन साहू, हेमनाथ साहू, डॉ चेतन साहू, भगवती साहू, छन्नू लाल साहू, लविंद्र साव, लीना साहू, खिलेश्वरी साहू, दुर्गा हिरवानी कुंजबिहारी साहू आदि ने बधाइयां दी हैं।

# अन्नपूर्णा मुहिम बनी सहारा : बुजुर्ग पिता और उनके दिव्यांग बच्चों को मिली राहत




**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** संत रामपाल महाराज की अन्नपूर्णा मुहिम द्वारा राजनांदगांव जिले के ग्राम तुमडीबोड़, तहसील डोंगरगांव के एक जरूरतमंद परिवार को राहत सामग्री नि:शुल्क प्रदान की गई। यह परिवार वृद्ध मुखिया प्यारी राम (75) और उनके दो गूंगे-बधिर एवं विकलांग बच्चे खेमलाल (32) और अमरिका बाई (36) के सहारे चल रहा है। परिवार को केवल 1500 रुपये मासिक पेंशन मिलती है और उसी पर गुजर-बसर कर रहे थे। अत्यंत गरीब परिवार है जिनके टूटा-फूटा मकान, बरसात में पानी टपकने और रोज़मर्रा की जरूरतें पूरी करने में इस परिवार की हालत बेहद दयनीय थी। इस गरीब परिवार को अन्नपूर्णा मुहिम की टीम मौके पर पहुंची और परिवार को राहत सामग्री नि:शुल्क प्रदान की गई । परिवार को एक माह का राशन, रजाई, गद्दा,खाट ,बर्तन जाली, बर्तन,बैठने के लिए दो स्टूल, दो पानी की बाल्टियां और प्रत्येक सदस्य के लिए पहनने के लिए 2 जोड़ी कपड़े उपलब्ध कराए गए। जिनसे इस मदद से परिवार को बड़ी राहत मिली है, गाँव के लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि अन्नपूर्णा मुहिम ने समाज के जरूरतमंदों तक वास्तविक मदद पहुंचाकर मिसाल कायम की है। गाँव के निवासी टीकम साहू ने कहा कि अन्नपूर्णा मुहिम चलाकर वास्तव में जरूरतमंद परिवारों की मदद कर रहे हैं। आगे भी गरीब परिवारों के लिए अन्नपूर्णा मुहिम जारी है।

# कुमार साहू भोलापुर परिक्षेत्र साहू समिति के निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हुए

## अध्यक्ष कुमार साहू सहित नवनिर्वाचित पदाधिकरियो ने शपथ ग्रहण किया



**छुरिया ( नांदगांव टाइम्स )।** तहसील साहू संघ छुरिया द्वारा परिक्षेत्र साहू समिति भोलापुर के निर्वाचन हेतु नियुक्त निर्वाचन अधिकारी श्री सुकृत साहू संयोजक कबीर मंच तहसील छुरिया एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी किशून साहू संयोजक अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ तहसील छुरिया के द्वारा दिनांक 21.9.2025 दिन रविवार को मां कर्मा भवन भोलापुर परिक्षेत्र भोलापुर में चुनाव संपन्न कराया गया। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए कुमार साहू को निर्विरोध अध्यक्ष, श्री तेजालाल साहू उपाध्यक्ष, श्रीमती रामकुमारी साहू उपाध्यक्ष, जागृतदास साहू संगठन सचिव, श्रीमती तेजबती साहू संगठन सचिव पद के लिए एक एक नामांकन पत्र प्राप्त होने पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारीयो को निर्वाचन प्रमाण पत्र वितरण के बाद कार्यकारिणी गठन के बाद शपथ दिलाया गया । परिक्षेत्र साहू समिति भोलापुर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष कुमार साहू द्वारा शीशुपाल साहू संरक्षक, स्यामलाल साहू संरक्षक, दुकालू साहू सलाहकार, मंगल साहू सलाहकार,ललित साहू सचिव, मुनीम साहू कोषाध्यक्ष एवं पितांबर साहू अंकेक्षक, हिरूराम साहू उपकोषाध्यक्ष, सीताराम साहू संयोजक न्याय प्रकोष्ठ ,हृदयराम साहू संयोजक युवा प्रकोष्ठ ,लक्ष्मीनारायण साहू संयोजक कर्मचारी प्रकोष्ठ , ताराचंद साहू संयोजक किसान प्रकोष्ठ , विष्णु साहू संयोजक राजनीतिक प्रकोष्ठ ,रामलाल साहू संयोजक सांस्कृतिक प्रकोष्ठ , अमरनाथ साहू संयोजक व्यापारी प्रकोष्ठ ,श्रीमती हितेश्वरी साहू संयोजिका महिला प्रकोष्ठ ,घनश्याम साहू संयोजक चिकित्सा प्रकोष्ठ के पद पर मनोनीत किया गया। इस अवसर पर हेतराम साहू, फत्तू लाल साहू ,उमराव साहू, बन रजिया साहू, पंचराम साहू ग्रामीण अध्यक्ष भोलापुर ,राजेंद्र साहू ग्रामीण अध्यक्ष झालाटोला , रामलाल साहू ग्रामीण अध्यक्ष बैरागीभेडी, नारद साहू ग्रामीण अध्यक्ष दीवानटोला , शिव साहू ग्रामीण अध्यक्ष घुपसाल, नंदकुमार साहू ग्रामीण अध्यक्ष जरहामाहका, पलटन साहू ग्रामीण अध्यक्ष पुर्रामटोला, अशोक साहू ग्रामीण अध्यक्ष पांडेटोला, तोरण साहू खिलावन साहू ,भूखन साहू , नरेंद्र साहू , राम जी साहू, खेमलाल साहू , फूलचंद साहू , मनीराम साहू, फूलचंद साहू , डोमन साहू , श्रीमती आंती बाई साहू ,महेश्वरी साहू ,अमेरिकाबाई साहू ,दुखवाराम, तिजूराम साहू सहित उपस्थित समाजिक बंधुओं ने नवनिर्वाचित मंडल पदाधिकारीयो को गुलाल लगाकर जीत की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## उसरीबोड़ में सेन समाज भवन का लोकार्पण एवं सेन जी महराज प्रतिमा अनावरण समाज जनों में उत्साह...



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम पंचायत उसरीबोड़ में आगामी नवम्बर माह में क्षेत्रीय सेन समाज के तत्वावधान में भव्य आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर सेन समाज भवन का लोकार्पण एवं संत शिरोमणि सेन जी महाराज की प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। इस गरिमामय अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह तथा पूर्व सांसद अभिषेक सिंह शामिल होंगे। इस अवसर पर जिला सेन समाज संयोजक श्री देवशरण सेन, राजनांदगांव शहर अध्यक्ष श्री अनिल कौशिक, ब्लॉक अध्यक्ष सुरगी- सोमनी नोहर लाल कौशिक, ग्राम-भोथीपार खुर्द नयापारा सुरगी-सिंघोला क्षेत्रीय अध्यक्ष निर्मल कुमार सेन, ग्राम-पार्री क्षेत्रीय प्रभारी जगदेव श्रीवास, एवं मोहन सेन ने पूर्व सांसद अभिषेक सिंह से विधानसभा अध्यक्ष कार्यालय राजनांदगांव में भेंट कर औपचारिक आमंत्रण प्रदान किया।

## निधन



नामदेव नागदेवे

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** पूनम कॉलोनी निवासी नामदेव नागदेवे का आज सुबह 11 बजे निधन हो गया। 70 वर्षीय श्री नागदेवे कुछ समय से अस्वस्थ थे। श्री नागदेवे आबकारी विभाग से सेवानिवृत्त हुए थे। उनका आज अपरान्ह मोतीपुर मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार कर दिया गया। वे अपने पीछे पत्नी श्रीमती अरूणा नागदेवे, दो पुत्रों समीर, शैंकी नागदेवे तथा एक पुत्री का भरापूरा परिवार छोड़ गये। उनकी शव यात्रा में परिजनों के अलावा सामाजिक बंधु व कार्यालयीन कर्मचारी भी उपस्थित हुए।

# रक्तदान जीवन को बचाने का साधन ही नहीं बल्कि संवेदनशीलता सेवा और समर्पण का प्रतीक : कोमल सिंह राजपूत



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सेवा पखवाड़ा भाजपा ग्रामीण पश्चिम मंडल द्वारा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्म दिवस के अवसर में विशाल रक्तदान शिविर कबीर कुटी आश्रम ग्राम सुंदरा में 21 सितंबर को आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर पूरे देशभर में चलाए जा रहे सेवा पखवाड़े के तहत राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र में रविवार को भाजपा पश्चिम मंडल द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने शिविर का शुभारम्भ किया। कबीर कुटी आश्रम, सुंदरा में आयोजित इस ऐच्छिक रक्तदान शिविर नि: शुल्क रक्तदान शिविर में ग्रामीणों सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर में रक्तदान करने वाले सभी दाताओं का सम्मान करते हुए उन्हें हेलमेट, प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने कहा कि रक्तदान महादान है। यह केवल किसी के जीवन को बचाने का साधन ही नहीं, बल्कि संवेदनशीलता, सेवा और समर्पण का प्रतीक भी है। उन्होंने कहा कि रक्तदान जैसे पुनीत कार्य में हर वर्ग की भागीदारी समाज को नई दिशा देने का काम करती है। श्री राजपूत ने सभी रक्तदाताओं और आयोजन से जुड़े कार्यकर्ताओं को हृदय से साधुवाद और बधाई दी। इस मौके पर राजनांदगांव जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत,के साथ जनपद अध्यक्ष प्रतिमा पप्पू चंद्राकर,मंडल अध्यक्ष मनोज साहू, जिला पंचायत सभापति देवकुमारी साहू,पूर्व मंडल अध्यक्ष रोहित चंद्राकर,जनपद सभापति पूर्णिमा साहू, महिला मोर्चा अध्यक्ष पुष्पा उईके, मंडल कोषाध्यक्ष कृष्णा साहू,मंडल उपाध्यक्ष मुकेश साहू ,महामंत्री बलराम निर्मलकर, मोतीलाल साहू संयोजक, हेमदीप साहू, हेमलाल साहू,कोमल टंडन, ग्राम पंचायत सुंदरा सरपंच हिपेन्द साहू, मिडिया प्रभारी देवल साहू, सोसल मीडिया प्रभारी राकेश साहू सिघोलिया एवं समस्त भारतीय जनता पार्टी राजनांदगांव ग्रामीण पश्चिम मंडल एवं क्षेत्रवासी ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। रजिस्ट्रेशन प्रभारी हिपेद्र साहू एवं जितेंद्र साहू थे। भाजपा ग्रामीण पश्चिम मंडल अध्यक्ष मनोज साहू,बलराम निर्मलकर महामंत्री, मोती देवांगन सेवा पखवाड़ा प्रभारी, हेमदीप साहू, हेमलाल साहू कोमल टंडन ने सहित अन्य कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा।

# रायपुर एसडीएम के आश्वासन के बाद आंदोलन स्थगित

## मांग पूरी नहीं हुई तो होगा उग्र आंदोलन : अश्विनी सोनवानी



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ दिवंगत पंचायत शिक्षक अनुकंपा संघ ने रायपुर एसडीएम द्वारा मुख्यमंत्री से तीन दिन के भीतर समस्या का समाधान करने का आश्वासन मिलने के बाद अपना आंदोलन फिलहाल वापस ले लिया है। संगठन को भरोसा है कि उनकी मांगें पूरी होंगी, लेकिन यदि ऐसा नहीं हुआ तो आंदोलन पहले से भी अधिक तेज किया जाएगा। संघ की प्रांताध्यक्ष अश्विनी सोनवानी ने कहा कि संगठन प्रदेश भर के मृत पंचायत शिक्षकों की पत्नियों (विधवाओं) अथवा परिवार के अन्य पात्र सदस्यों को अनुकंपा नियुक्ति दिलाने के लिए लंबे समय से संघर्षरत है। शासन-प्रशासन को कई बार ज्ञापन सौंपे गए और कई बार धरना-प्रदर्शन भी किया गया। लेकिन अभी तक संतोषजनक समाधान नहीं मिला। उन्होंने आगे बताया कि 6 सितंबर को मुख्यमंत्री ने 1200 लंबित प्रकरणों में से केवल 27 लोगों को ही नियुक्ति पत्र जारी किए, जिससे शेष परिजनों में गहरा आक्रोश है। उनके अनुसार यह न्याय नहीं, बल्कि छलावा है। इसी सिलसिले में संगठन ने 19 सितंबर 2025 शुक्रवार को रायपुर के जय स्तंभ चौक में दोपहर 3 बजे से धरना-प्रदर्शन किया था। प्रदर्शन के दौरान एसडीएम ने मुख्यमंत्री से चर्चा कर तीन दिन के भीतर समाधान का आश्वासन दिया। संघ की प्रांताध्यक्ष ने चेतावनी दी है कि यदि तय समय सीमा में मांग पूरी नहीं की गई, तो संगठन मजबूरन उग्र आंदोलन करेगा।प्रदर्शन में मुख्य रूप से प्रीति रामटेके, डीलेश्वरी ध्रुव, पूर्णिमा श्रीवास, सदीप कुमार साय, चंद्रावती, रोहित साहू, राकेश बुमार रात्रे, चंद्रकांत नुरेटी, दीपक कुमार सिदार, मुकेश कुमार राजवाड़े, प्रियंका कुर्रे, चंद्रिका साहू, सिद्धार्थ सिंह परिहार, प्रदीप कुमार, राजेश महिलांग, सुमन यादव, बलेश्वरी भास्कर, रेखा नायक, भगवती कश्यप, घनश्याम, चन्द्रकला ठाकुर, रूखमणी डहरिया, अजनी देवहारी, दुर्गेश कुमार साहू, चित्ररेखा साहू, मायावती बंजारे, कुंती कोठारी, मीना ठाकुर, नवनीत कुमार देवांगन, देवेंद्र कुमार पटेल, रितेश कुमार धनकर, नंदकुमारी निषाद, सजय प्रताप सिंह, पुलेश्वरी ठाकुर, राजेंद्र कुमार साहू, सगीता साहू, कमलेश्वरी खन्ना, रमेश साहू, निर्मला बंजारे, मिथलेश कौशिक आदि उपस्थित थे।

nandgaon times sep-22-3.qxd 9/21/2025 10:46 PM Page 3



## ज्ञान मंथन

*1) ओकावांगो डेल्टा किस देश में स्थित है?*
*2) हाल ही में किस राज्य सरकार ने लड़कियों की शिक्षा के लिए च्चिनजुट मोइना योजनाज्ज् शुरू की है?*
*3) भारत के पहले सफेद बाघ प्रजनन केंद्र का घर कौन सा राज्य है?*
*4) सरकार द्वारा सहकारी चीनी मिलों को एथेनॉल उत्पादन में सहायता देने के लिए शुरू की गई योजना का नाम क्या है?*
*5) हाल ही में समाचारों में दिखा गैस्ट्रोदीअ लोहिटेंसिस क्या है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) बोत्सवाना (2) असम (3) मध्य प्रदेश (4) एथेनॉल इंटरेस्ट सबवेंशन स्कीम (5) ऑर्किड प्रजाति

## माँ कामाख्या धर्मादा ट्रस्ट के द्वारा विशाल भंडारा का आयोजन किया गया

**रायपुर।** पितृ मोक्ष अमावस्या के पावन पर्व पर अंबेडकर हॉस्पिटल के पास ट्रस्ट की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, मातृशक्ति



प्रभारी सुश्री नागेश्वरी साहू के नेतृत्व में यह कार्य किया गया, इस कार्य में हेम लता साहू ,अंकित ऊईके , हेम लता छत्रे ,रानी साहू ,गैंदी बाई सिन्हा, श्रीमती प्रतिभा मिश्रा उपस्थित रही। ट्रस्टी अध्यक्ष परम पूज्य गुरुदेव श्री संकर्षण शरण जी (गुरुजी) ने इस पवित्र कार्य के लिए सबको साधुबाद दिए।

## खैरागढ़ महाविद्यालय साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**खैरागढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** छुईखदान गंडई जिले के पुलिस अधीक्षक श्री लक्ष्य शर्मा और महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ओ. पी. गुप्ता के



मार्गदर्शन में रानी रश्मि देवी सिंह शासकीय महाविद्यालय खैरागढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं साइबर सेल, जिला पुलिस खैरागढ़ छुईखदान गंडई के संयुक्त तत्वाधान में साइबर जागरूकता का आयोजन किया गया . इस कार्यक्रम में कार्यालय पुलिस अधीक्षक केसीजी की साइबर टीम के सदस्य के साथ महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी यशपाल जंघेल एवं अतिथि व्याख्याता डॉ. उमेंद चंदेल उपस्थित थे . कमलेश श्रीवास्तव ने आजकल समाज में बढ़ते साइबर अपराध के प्रकारों से अवगत कराते हुए उनसे बचने के उपाय को बताया. उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा वे किसी भी अनजान वाइस या वीडियो काल को न उठाएँ, न ही उनके द्वारा भेजे गए किसी भी लिंक को टच करें . किसी को भी अपना ओटीपी शेयर न करें . एटीएम से पैसा निकालते समय किसी अनजान व्यक्ति को आपका एटीएम कार्ड न दें . इन छोटी-छोटी सावधानियों से आप साइबर अपराध से बच सकते हैं. श्री श्री त्रिभुवन चंद ने मोबाइल और इंटरनेट के बढ़ते दुरुपयोग से विद्यार्थियों को अवगत कराते हुए डिजिटल अरेस्ट और वीडियो काल से होने वाली धोखाधड़ी को विस्तार से समझाया और कहा कि ऐसी स्थिति आने पर हमें बिल्कुल नहीं घबराना चाहिए . साइबर अपराधी हमारी डर का ही फायदा उठाते हैं. हमें तुरंत अपने परिचितों से चर्चा करनी चाहिए और साइबर सेल से संपर्क करना चाहिए.

# प्रधानमंत्री जनमन आवास में लापरवाही बरतने पर मुड़वाही सचिव प्रदीप धुर्वे तत्काल प्रभाव से निलंबित

## कलेक्टर की समीक्षा बैठक में सख्त निर्देश दिए , जनमन व आवास योजनाओं में लापरवाही और कोताही बर्दाश्त नहीं

पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने, समय पर आवास को पूरा नहीं कराने तथा प्रस्तावित आवास निर्माण को प्रारंभ नहीं करने बैठक में अनुपस्थित रहने के लिए ग्राम पंचायत मुड़वाही सचिव प्रदीप धुर्वे को कलेक्टर गोपाल वर्मा ने तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत के सभा कक्ष में कलेक्टर ने प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत बनाए जा रहे हैं आवास से संबंधित 95 ग्राम पंचायतो की गहन समीक्षा की। इस दौरान विकासखंड बोड़ला के ग्राम पंचायत शीतलपानी कुकरापानी, राजाढार, दुर्जनपुर, केसमार्दों लूप, मुडघुसरी, बेंदा मुड़वाही जैसे अनेक ग्राम पंचायत में निर्माणधीन आवास लंबे समय से पूरा नहीं होने पर संबंधित ग्राम पंचायत के सचिव ग्राम रोजगार सहायक एवं तकनीकी सहायको को सख्त निर्देश देते हुए कहा की आगामी एक सप्ताह के भीतर सभी आवास को प्रारंभ करते हुए छत स्तर तक निर्मित आवास को पूरा नहीं कराने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। निर्माण कार्य की समीक्षा के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम श्री अजय कुमार त्रिपाठी भी उपस्थित थे। जनपद पंचायत पंडरिया क्षेत्र




के अंतर्गत ग्राम पंचायत कांदावानी, तेलियापानी, लेदरा, अमनिया, बिरूहलडीह, बदना, भेलकी, सेंदुरखार, डालामौहा, आगरपानी, महीडबरा जैसे ग्राम पंचायत के निर्माण कार्यों में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर कलेक्टर वर्मा ने कड़ी नाराजगी व्यक्ति की। कलेक्टर वर्मा ने समीक्षा के दौरान पाया कि जिले में कुल 9625 प्रधानमंत्री जनमन आवास का निर्माण किए जाने के लिए स्वीकृत है। जिनमें से अभी तक 3163 आवास पूर्ण कर लिए गए हैं। 2396 आवास का निर्माण कार्य किन्ही कारणों से प्रारंभ नही होना पाया गया। इसी तरह कुल 3532 आवास का निर्माण प्रगतिरत होने की जानकारी दी गई। जिला पंचायत सीईओ श्री अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि 9091 हितग्राहियों को प्रथम किस्त की राशि 6379 हितग्राहियों को द्वितीय किस्त की राशि, 4084 हितग्राहियों को तृतीय किस्त की राशि एवं 1386 हितग्राहियों को चतुर्थ किस्त की राशि उनके बैंक खातों में जा चुकी है। विकासखंड पंडरिया बोड़ला एवं सहसपुर लोहारा में निर्माणाधीन जनमन आवास के लिए तकनीकी सहायक एवं ग्राम पंचायत वॉर गहन समीक्षा की गई। सभी मैदानी कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि जिन हितग्राहियों को राशि जारी की जा चुकी है उनके आवास निर्माण में प्रगति लाये। ऐसे हितग्राही जिन्हें बार-बार बोलने के बाद भी निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया जा रहा है उनके आवास स्वीकृत को निरस्त करने के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए। कलेक्टर ने आगे कहा कि शासन की मंशा अनुरूप सभी आवास का निर्माण गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूरा किया जाना है और निर्माण कार्य के किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# नगर में लायन्स क्लब नांदगांव सिटी के गरबा का बिखरेगा जलवा

### आज नवरात्रि के प्रथम दिन गरबा उत्सव के मुख्य अतिथि होंगे महापौर मधुसूदन यादव

**राजनांदगांव ।** प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी लायंस क्लब नांदगांव सिटी के भव्य गरबा उत्सव का जोरदार रंग बिखेरने जा रहा है। पिछले साल की तरह इस बार भी उक्त रंगारंग गरबा उत्सव गायत्री विद्यापीठ के केसर नगर स्थित विशाल मैदान में आयोजित किया गया है। आज सोमवार को प्रारंभ होने जा रहे शारदीय नवरात्रि के अवसर पर केसर नगर के विद्यापीठ मैदान में आयोजित इस भव्य गरबा उत्सव के मुख्य अतिथि शहर के लोकप्रिय महापौर मधुसूदन यादव जी होंगे। लायंस क्लब के सचिव मयंक शर्मा ने बताया कि प्रतिदिन शाम को मातारानी की पूजन - अर्चन के साथ शुरू होने वाले इस रंगारंग गरबा उत्सव में विशेष अतिथि के रुप में आज स्थानीय देनिक सवेरा - संकेत के प्रधान संपादक सुशील कोठारी, समाजसेवी सिद्धेश बरडिया,व सूर्यकांत चितलांग्या जी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि इन दिनों बारिश - पानी के आसार बने हुए हैं।



इसे देखते हुए लायंस क्लब द्वारा बारिश की स्थिति बनने पर गायत्री विद्यापीठ स्कूल परिसर में गरबा उत्सव आयोजित की जाएगी वहीं मौसम साफ रहने पर गायत्री विद्यापीठ स्कूल के विशाल मैदान में मनोहारी नृत्य स्टेप के साथ गरबा उत्सव अपनी रंग-बिरंगी छटा बिखेरेंगी। लायन्स क्लब नांदगांव सिटी के इस भव्य गरबा उत्सव की सफलता के लिए क्लब के अध्यक्ष अमित खंडेलवाल सहित संरक्षक पद्मश्री डॉ पुखराज बाफ्ना ,मनदीप जी ,उमेंद कोठारी, श्रीमती शारदा तिवारी,गरबा संयोजक - बृजकिशोर सुरजन, चेयरमैन- राजा माखीजा, संतोष लोहिया,राज कुमार शर्मा, अशोक पंवार,तरण दीप सिंह अरोरा ,शोभा चौरसिया, टीना खंडेलवाल,शोभा शर्मा,सुरेश शर्मा,नेहा गुप्ता,मुकेश चौबे, चंद्रिका प्रसाद सिन्हा,कंचन चौबे, मुकेश शर्मा , रणदीप सिंहभाटिया आदि जुटे हुए हैं।

# होगा वही जो कर्म सत्ता चाहेगी - मुनि वीरभद्र

## तत्व की संवेदनशीलता जब उधेड़ने लगती है तब व्यक्ति निराशा जनक सोच से घिर जाता है - मुनि वीरभद्र





**राजनांदगांव।** श्री विनय कुशल मुनि के सुशिष्य एवं 171 दिन तक उपवास का रिकॉर्ड बनाने वाले जैन मुनि वीरभद्र (विराग) जी ने आज यहां कहा कि कितनी भी इच्छाएं रख ले लेकिन होगा वही जो कर्म सत्ता चाहेगी। कर्मो के आधार पर ही परिणाम प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि हमारे कर्म ही हमारा भविष्य तय करते हैं। जैन बगीचे के उपाश्रय भवन में आज मुनि वीरभद्र (विराग) ज़ी ने कहा कि मरना किसी समस्या का हल नहीं है। समस्या तो जस की तस रहती है और व्यक्ति दुनिया छोड़ कर चला जाता है। उन्होंने कहा कि तत्व की संवेदनशीलता जब उधेड़ने लगती है तब व्यक्ति निराशा जनक सोच से घिर जाता है। इसीलिए व्यक्ति आत्महत्या करने जैसी बात सोचता है। मुनिश्री ने कहा कि जो कुछ भी होता वह अपने कर्मों की वजह से होता है। मुनि वीरभद्र (विराग) जी ने कहा कि जिस दिन भीतर तत्व ज्ञान आ जाएगा, उस दिन से जीवन में घट रही सारी उथल-पुथल शांत हो जाएगी, फिर कोई परेशानी आपके जीवन में नहीं रहेगी। दुख,दुख नहीं रहेगा। दर्द,दर्द नहीं रहेगा। मन में शांति आ जाएगी। आखिरकार सब कुछ हमें यही छोड़ जाना है, फिर दुख किस बात का। हम वस्तुओं से मोह नहीं छोड़ पाए इसीलिए उसके जाने और आने पर दुखी और खुश हो जाते हैं। तत्वज्ञान आ जाए तो हमें किसी चीज का मोह नहीं रहेगा। यह जानकारी मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने दी।

# तिरहुत शिक्षक सम्मान समारोह में उत्कृष्ट शिक्षकों का हुआ सम्मान

### मुंजफ्फरपुर के द पार्क होटल, मिठनपुरा में परिवर्तनकारी शिक्षक महासंघ, बिहार का आयोजन

**मुंजफ्फरपुर ( नांदगांव टाइम्स )।** द पार्क होटल, मिठनपुरा में रविवार को तिरहुत शिक्षक सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन परिवर्तनकारी शिक्षक महासंघ, बिहार के तत्वावधान में किया गया, जिसमें क्षेत्र के कई शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश संयोजक सह तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्याशी प्रणय कुमार ने की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि च्च्समाज निर्माण में शिक्षक की भूमिका सर्वोपरि है और शिक्षा की गुणवत्ता ही बिहार के भविष्य को दिशा देगी।ज्ज प्रदेश सह संयोजक विजय कुमार परिवर्तनकारी,संगठन महामंत्री




शिशिर कुमार पांडेय एवं कार्यकारी संयोजक नवनीत कुमार ने संयुक्त रूप से अपने वक्तव्य में कहा कि महासंघ सदैव शिक्षकों के सम्मान, अधिकार एवं दायित्वों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। वहीं, प्रदेश महासचिव अखिलेश कुमार सिंह एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष सह प्रधान शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार ने संयुक्त रूप से कहा कि महासंघ का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को एकजुट कर शिक्षा व्यवस्था को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश महासचिव,प्रधान शिक्षक प्रकोष्ठ जमील अहमद विद्रोही एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी मृत्युंजय ठाकुर ने कहा कि यह सम्मान समारोह न सिर्फ शिक्षकों का गौरव बढ़ाता है, बल्कि समाज को यह संदेश भी देता है कि शिक्षा और शिक्षक ही बदलाव की असली ताक़त हैं। सम्मान समारोह में मुख्य रूप से पटना उच्च न्यायालय के अधिवक्ता नलिन कुमार, महासंघ मुजफ्फरपुर के प्रवक्ता राजीव कुमार, प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी प्रधान शिक्षक प्रकोष्ठ मुकेश कुमार गुप्ता, अभिभावक अवधेश प्रसाद सिंह,दिनेश कुमार सिंह,नंद किशोर सहनी, शिक्षक आनंद कुमार, सौम्या रानी,रुचि कुमारी,श्वेता ठाकुर,विभा कुमारी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, शिक्षा-प्रेमी एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

## एसबीआई संजीवनी एवं शिखर युवा मंच के तहत मुसरा के विद्यालय में अतिथि शिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मुसरा में आज एसबीआई संजीवनी एवं शिखर युवा मंच



के अंतर्गत हेल्थकेयर के छात्रों के लिए इंजेक्शन प्रशासन विषय पर विशेष अतिथि शिक्षण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. ईश्वर लाल यादव उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को इंजेक्शन देने की तकनीक, सावधानियाँ, संक्रमण की रोकथाम और स्वास्थ्य सेवा में इसकी महत्ता एवं स्वास्थ्य क्षेत्र में सही तकनीक और स्वच्छता का पालन जीवनरक्षक साबित हो सकता है इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य श्री कौशल राम चंद्रवंशी जी, एवं समस्त शिक्षक एवं शिक्षिका के साथ स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधियों तथा छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

## धर्म समाचार....

# सही निर्णय कैसे लें? : श्रीकृष्ण की सीख- भले ही कठिन हो, लेकिन अपने धर्म और अपने कर्म में बने रहना श्रेष्ठ है

जब मन किसी उलझन में, ओवरथिंकिंग में फंसा हो तो श्रीमद् भगवद्गीता के तीसरे अध्याय में इस समस्या का समाधान भगवान श्रीकृष्ण ने बताया है- श्रेयान्स्वधर्मो विगुण: परधर्मात्स्वनुष्ठितात्। स्वधर्मे निधनं श्रेय: परधर्मो भयावह: ।।

जब मन किसी उलझन में होता है, जब लगातार अलग-अलग विचार चलते रहते हैं, ऐसे समय में व्यक्ति सोचता है कि अब आगे क्या होगा?, क्या मैं सही कर रहा हूं?, लोग क्या सोचेंगे? ऐसे सवालों में उलझा हुआ व्यक्ति सही निर्णय नहीं ले पाता है। ऐसी स्थिति के लिए भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं कि हमें अच्छी तरह आचरण में लाए हुए दूसरे के धर्म और कर्म की बजाय कम गुण वाले अपने धर्म और कर्म को अपनाना चाहिए। अपने धर्म में मरना भी श्रेष्ठ है, लेकिन दूसरों का धर्म भय देने वाला है। हमें वही करना चाहिए जो धर्म के अनुसार सही है।

**सही निर्णय तक पहुंचने के लिए इन बातों का ध्यान रखना चाहिए...**

मन की चंचलता को समझें

भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन से कहते हैं कि मन को वश में करना अत्यंत कठिन है,



लेकिन अभ्यास और वैराग्य भाव से ये संभव है। जब हम अपने विचारों को देखना शुरू करते हैं, उनसे जुड़ना बंद करते हैं, तो पहली बार हमारे और हमारे विचारों के बीच एक दूरी बनती है। यही दूरी हमारे जीवन में स्पष्टता लेकर आती है।

**स्वधर्म का अनुसरण करें, स्वयं की राह अपनाएं**

अधिकतर लोग इस बात को लेकर भ्रमित हैं कि वह अपनी जिंदगी में क्या करे, समाज, माता-पिता, सोशल मीडिया, हर कोई कहता है कि क्या करना चाहिए। लेकिन गीता सिखाती है कि दूसरों का धर्म निभाना कितना भी सफल लगे, लेकिन हमें अपना धर्म अपनाना चाहिए, यही सबसे श्रेष्ठ है। आपका रास्ता, आपकी पहचान से जुड़ा होता है। जब आप अपने स्वधर्म को पहचानते हैं, तो ओवरथिंकिंग कम होने लगती है, क्योंकि निर्णय का आधार भीतरी स्पष्टता होती है, बाहरी अपेक्षाएं नहीं।

**फल की चिंता से मुक्त होकर कर्म करो**

कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन, ये गीता का मूलमंत्र है। ओवरथिंकिंग का बड़ा कारण यही है कि हम परिणाम को लेकर पहले से ही घबराने लगते हैं। अगर फेल हो गए तो क्या?, अगर उम्मीद पर खरे नहीं उतरे तो? श्रीकृष्ण समझाते हैं कि फल हमारे अधिकार में नहीं है। हम केवल अपने कर्म पर ध्यान दें। जब हम सिर्फ वर्तमान के कार्य पर ध्यान देते हैं, तब भविष्य की आशंका हमें कमजोर नहीं कर पाती हैं।

**सफलता और असफलता में संतुलन बनाए रखें**

जीवन में सफलता और असफलता दोनों आएंगे, लेकिन जो व्यक्ति हर उतार-चढ़ाव पर आत्ममूल्यांकन करने लगता है, वह ओवरथिंकिंग की दलदल में फंस जाता है। योगस्थ: कुरु कर्माणि, योग का अर्थ है संतुलित मन, जो न तो सफलता से प्रसन्न होता है, न ही असफलता से दुखी होता है। ये संतुलन ही विचारों की बाढ़ को और ओवरथिंकिंग को रोक सकता है।

## इन राशियों को आर्थिक तंगी से मिलेगी मुक्ति, पूरे होंगे अधूरे काम

ऊर्जा के कारक मंगल देव के तुला राशि में गोचर करने से कई राशि के जातकों के जीवन में नया सवेरा हो सकता है। वहीं कई राशि के जातकों को सफलता पाने के लिए कठिन मेहनत करनी पड़ सकती है। ऐसे में चलिए एस्ट्रोलॉजर आनंद सागर पाठक जी से जान सकते हैं कि धनु से मीन राशि के जातकों के लिए ये गोचर कैसा रहने वाला है।




**मंगल देव को कैसे प्रसन्न करें?**- आनंद सागर पाठक, एस्ट्रोपत्री। मंगल देव का तुला राशि में गोचर सभी राशियों पर ऊर्जा, कर्मशीलता और परिवर्तन की लहर लाता है। मंगल देव ऊर्जा, साहस, जज़्बे और दृढ़ता के कारक माने जाते हैं। कुछ राशियों को लाभ मिलेगा। जबकि अन्य को रिश्तों और स्वास्थ्य मामलों में सावधानी रखनी होगी। ऐसे में आइए जानते हैं कि मंगल गोचर से धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि के जातकों पर कैसा असर पड़ने वाला है।

**धनु राशि**- धनु राशि वालों के लिए मंगल देव पंचमेश और द्वादशेश हैं। मंगल देव का तुला राशि से ग्यारहवें भाव में गोचर होगा। यह लाभ और नेटवर्किंग अवसर देगा। मंगल देव इच्छाओं की पूर्ति में सहायक होंगे। द्वितीय भाव पर मंगल देव की दृष्टि आर्थिक लाभ दिला सकती है। पंचम भाव पर मंगल देव की दृष्टि प्रेम और रचनात्मकता बढ़ाएगी। षष्ठ भाव पर मंगल देव की दृष्टि स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों से सावधान करती है।

**मकर राशि**- मकर राशि वालों के लिए मंगल देव चतुर्थेश और लाभेश हैं। मंगल देव का तुला राशि से दशम भाव में गोचर होगा, जिससे करियर, प्रोफेशन और अधिकार मजबूत होंगे। प्रथम भाव पर मंगल देव की दृष्टि आत्मविश्वास बढ़ाएगी। चतुर्थ भाव पर मंगल देव की दृष्टि घर और संपत्ति पर ध्यान लाएगी। पंचम भाव पर मंगल देव की दृष्टि शिक्षा और बच्चों के लिए शुभ है। यह गोचर प्रोफेशनली बहुत फलदायी हो सकता है।

**कुंभ राशि**- कुंभ राशि वालों के लिए मंगल देव तृतीयेश और दशमेश हैं। मंगल देव का तुला राशि से नवम भाव में गोचर होगा। यह अध्यात्म, लंबी यात्रा और उच्च शिक्षा को प्रबल करेगा। द्वादश भाव पर मंगल देव की दृष्टि खर्च बढ़ा सकती है। तृतीय भाव पर मंगल देव की दृष्टि संवाद क्षमता को निखारेगी। चतुर्थ भाव पर मंगल देव की दृष्टि परिवार से जुड़े मामलों को सक्रिय करेगी। यह समय आंतरिक विकास और ज्ञान का है।

nandgaon times sep-22-3.qxd 9/21/2025 10:46 PM Page 4



## राजनांदगांव में बढ़ता अपराध

# महाकाल चौक से कॉलोनियों तक चोरी, पुलिस पर उठ रहे सवाल

( लक्ष्मण लोहिया )

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शहर में आपराधिक वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। बीती रात शहर के सबसे व्यस्त स्थान महाकाल चौक में हुई चोरी की घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आलम यह है कि पिछले एक माह में लगभग 20 से अधिक चोरी और लूट की वारदातें सामने आ चुकी हैं, परंतु पुलिस अब तक किसी ठोस कार्रवाई का दावा नहीं कर पाई है।




### मुख्य चौक और कॉलोनियां भी सुरक्षित नहीं

स्थानीय नागरिकों ने कहा कि जब महाकाल चौक और कलेक्ट्रेट परिसर जैसे संवेदनशील स्थानों पर चोरी हो रही है तो बाकी मोहल्लों और कॉलोनियों की सुरक्षा की कल्पना करना कठिन है। परसों ही कलेक्ट्रेट परिसर से एक बाइक चोरी हुई, जिसकी एफआईआर दर्ज हुई है। वहीं, गोल बाजार, हॉट बाजार, लखोली सहित विभिन्न कॉलोनी क्षेत्रों में भी आए दिन चोरी की घटनाएं सामने आ रही हैं।

### पुलिस की कार्यशैली पर सवाल

लोगों ने पुलिस की निष्क्रियता पर कड़ा रोष जताया। उनका कहना है कि अगर बीच चौक पर चोरी हो रही है तो यह पुलिस की नाकामी का प्रमाण है। अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और पुलिस मूकदर्शक बनी हुई है। पेट्रोलिंग व्यवस्था केवल कागजों पर चल रही है।

### पुलिस कप्तान पर भी उठी उंगलियां

जनता का गुस्सा अब जिले के पुलिस कप्तान पर भी खुलकर सामने आ रहा है। लोग कह रहे हैं कि शहर में लगातार हो रही वारदातों पर एसपी की कार्यशैली सवालों के घेरे में है। कप्तान शहर की नब्ज समझने में नाकाम रहे हैं, उनका मौन अपराधियों के लिए ताक़त बन गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जिले के मुखिया ही सख्त रुख नहीं दिखाएंगे तो निचले स्तर पर तैनात अमला और भी ढीला रवैया अपनाएगा।

### पुराने मामले भी अनसुलझे

लोगों को याद है कि मोहड़ गोलीकांड का आरोपी संजय सिंह अब तक पुलिस की पकड़ से बाहर है। वहीं, तीन-तीन हत्याओं और लगातार हो रही चाकूबाजी की घटनाओं के बाद भी प्रशासन की सख्ती दिखाई नहीं देती।

### जनप्रतिनिधि और सरकार पर भी निशाना

स्थानीय नागरिकों ने भाजपा सरकार और पुलिस प्रशासन दोनों पर सवाल उठाए। उनका कहना है कि च्सरकार अपराधियों को संरक्षण दे रही है, कप्तान सो रहे हैं और पुलिस की टीम रन आउट हो चुकी है। चोर-चोर मौसेरे भाई की कहावत यहां सही साबित हो रही है। सुरक्षा हर नागरिक का बुनियादी अधिकार है। जब अपराधियों के हौसले बुलंद हों और पुलिस व्यवस्था ढीली पड़े तो जनता का विश्वास टूटता है। अब वक्त है कि पुलिस और प्रशासन मिलकर सख्त कार्रवाई करें ताकि लोगों में सुरक्षा का भरोसा वापस लौट सके।

# केशला में अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

## ग्राम पंचायत एवं ग्राम विकास समिति की संयुक्त कार्रवाई





**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** अर्जुनी के समीप ग्राम केशला में शासकीय जमीन पर बेजा कब्जा करने वालों की बढ़ती संख्या पर ग्राम पंचायत एवं ग्राम विकास समिति द्वारा प्रशासन की मदद से अतिक्रमण मुक्त कराया गया . ग्राम केशला में अतिक्रमण कारियों के हौसले काफी बुलंद थे . जगह - जगह सरकारी जमीन पर कब्जा कर लिया था . गाँव के सरकारी खाली भाटा जमीन , चारागाह , सार्वजनिक आम रास्ता , गली मार्ग पर बड़े पैमाने से अवैध करने की शिकायत ग्राम पंचायत ने प्रस्ताव पारित कर डोंगरगांव एसडीएम श्रीकांत कोराम को लिखित में शिकायत की गई थी कार्यवाही में प्रशासन की टीम नायब तहसीलदार झरना राजपूत , पटवारी मूलचंद एवं पुलिस बल की तैनाती में अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाया गया।

# ग्राम मोहड़ में फिर देखने को मिला चंगाई सभा

### जागरूक ग्राम वासियों और युवाओं ने किया विरोध, और पूरे मामले की जानकारी विहीप बजरंगदल को दी



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जहाँ भारी संख्या में ग्राम वासी एवं बजरंगदल के पदाधिकारियों ने लिखित शिकायत दर्ज कर सख्त कार्यवाही की मांग की वही पुलिस प्रशासन ने कार्यवाही करते हुए प्राथना सभा के नाम पर धर्मान्तरण का कृत्य करने वालो को थाने में बैठाया और उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया।

## चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट दिव्यांश त्रिपाठी का चयन भारत शासन के अधीन उर्जा मंत्रालय में हुआ

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** संस्कारधानी राजनांदगांव के पुराना बस स्टैंड रोड स्थित तिवारी भोजनालय के संचालक पंडित दयाकांत त्रिपाठी एवं माता श्रीमति नीलम त्रिपाठी निवासी कैलाश नगर के सुपुत्र चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट दिव्यांश त्रिपाठी का चयन भारत शासन के अधीन उर्जा मंत्रालय में हुआ है। उनकी सफलता पर समस्त त्रिपाठी परिवार में हर्ष की लहर है साथ ही अपनी कड़ी मेहनत और लगन से नगर को गौरवान्वित किया है।







# कांग्रेस के झूठ का पर्दाफाश : अशोक चौधरी

## कहा - जनता अब गुमराह नहीं होगी



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अशोक चौधरी ने कांग्रेस पार्टी पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि देश को गुमराह करने वाली कांग्रेस स्वयं सभी अवगुणों से युक्त है और लगातार झूठ एवं गलत विचारों को बढ़ावा देती रही है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री श्री डार के बयान तथा अमेरिकी सरकार की स्पष्टता से यह साबित हो गया है कि भारत ने सीजफायर मामले में किसी भी तरह की मध्यस्थता स्वीकार नहीं की थी। इस मुद्दे पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप झूठे साबित हुए हैं। श्री चौधरी ने आगे कहा कि अब राहुल गांधी को सीजफायर मामले पर देश से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस पूरे देश में च्वोटचोरज्ज् का नारा लगाकर प्रदर्शन कर रही है और राजनांदगांव में भी इसका कार्यक्रम तय है। उन्होंने ने कहा कि कांग्रेस के झूठ और धोखेबाजी को जनता भलीभांति पहचान चुकी है। उन्होंने याद दिलाया कि 1975 में रायबरेली से तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट ने वोट चोरी का आदेश जारी किया था। यही कारण है कि कांग्रेस आज भी दूसरों पर च्वोटचोरीज्ज् का आरोप लगाती है और जनता को अपमानित करने का काम करती है। श्री चौधरी ने विश्वास जताया कि आने वाले चुनाव में कांग्रेस की पूरी तरह सफाई होगी और जनता कांग्रेस के झूठे नारों के बहकावे में नहीं आएगी।




प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com